(117)

# उ0प्र0 भू–सम्पदा अपीलीय अधिकरण

चतुर्थ तल, इन्दिरा भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ–

संख्या :                                                                 दिनांक :

उ0प्र0 भू–सम्पदा अपीलीय अधिकरण, लखनऊ में लॉ–क्लर्क–सह रिसर्च सहायक की सेवाएं प्राप्त करने हेतु नियम एवं शर्तें निम्नवत् निर्धारित की गयी हैं :–

1. लॉ–क्लर्क–सह रिसर्च सहायक के रूप में नियुक्ति हेतु मात्र वही अभ्यर्थी पात्र होंगे जो विधि स्नातक हों। योगदान करते समय एल0एल0बी0 की परीक्षा उत्तीर्ण होने का प्रमाण–पत्र देना आवश्यक होगा।
2. आवेदक द्वारा लॉ–क्लर्क–सह रिसर्च सहायक हेतु शैक्षणिक सत्र 2021–22, 2022–23 एवं 2023–24 से पहले एल0एल0बी0 की परीक्षा उत्तीर्ण न की गयी हो।
3. लॉ–क्लर्क–सह रिसर्च सहायक के पद पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों द्वारा दिनांक 01.01.2025 को 25 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं होनी चाहिये।
4. अभ्यर्थी को हिन्दी व अंग्रेजी भाषा में दक्ष होना अनिवार्य है।
5. यह चयन प्रथमतः एक वर्ष की अवधि के लिए होगा, लॉ–क्लर्क–सह रिसर्च सहायक द्वारा अग्रतर सेवा विस्तार के लिए इच्छुक होने और इस हेतु आवेदन प्रस्तुत करने पर सम्बन्धित लॉ–क्लर्क–सह रिसर्च सहायक की कार्यकुशलता, दक्षता, सत्यनिष्ठा एवं कार्य उत्कृष्ट होने के आधार पर एक वर्ष के लिये विस्तार अनुमन्य होगा।
6. यदि चयनित अभ्यर्थी अनुबन्ध अवधि के अन्तराल में प्राधिकरण की सेवा से विरत होना चाहते हैं तो उनके द्वारा एक महीने की पूर्व नोटिस दिया जाना अथवा एक माह के मानदेय के समतुल्य धनराशि अग्रिम रूप से प्राधिकरण में जमा करना अनिवार्य होगा। परन्तु अपरिहार्य परिस्थितियों में उ0प्र0 भू–सम्पदा अपीलीय अधिकरण, लखनऊ के लिए नोटिस की यह समय–सीमा बाध्यकारी नहीं होगा।
7. लॉ–क्लर्क–सह रिसर्च सहायक द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के समय कार्यकुशलता एवं सत्यनिष्ठा का अनुबन्ध रू0 100/– के नॉन जूडिशियल स्टाम्प पेपर पर निष्पादित करना होगा।
8. लॉ–क्लर्क–सह रिसर्च सहायक को लॉ ट्रेनी के रूप में प्रथम वर्ष में रू0 31,000/– प्रति माह की दर से नियत मानदेय का भुगतान किया जायेगा।
9. लॉ–क्लर्क–सह रिसर्च सहायक को लॉ–क्लर्क–सह रिसर्च सहायक के रूप में द्वितीय वर्ष में रू0 31,000/– प्रति माह की दर से नियत मानदेय का भुगतान किया जायेगा।
10. लॉ–क्लर्क–सह रिसर्च सहायक द्वारा निष्पादित अनुबन्ध के उपरान्त उसके कार्यकाल की अवधि में किसी वित्तीय कदाशयता अथवा कार्य सम्पादन में कतिपय कदाचार की स्थिति पाये जाने पर अधिकरण द्वारा लॉ–क्लर्क–सह रिसर्च सहायक को दी गयी नोटिस का उत्तर अधिकरण द्वारा सन्तोषजनक नहीं पाये जाने की स्थिति में अधिकरण द्वारा लिया गया निर्णय अन्तिम होगा।

उ0प्र0 भू–सम्पदा अपीलीय अधिकरण, लखनऊ

11. उपयुक्त अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जायेगा। साक्षात्कार उ0प्र0 भू–सम्पदा अपीलीय अधिकरण, लखनऊ में आयोजित किया जायेगा, जिसके निमित्त कोई यात्रा व्यय देय नहीं होगा।

12. सम्बन्धित लॉ–क्लर्क–सह रिसर्च सहायक को 12 माह अथवा उससे अधिक की अनुबन्ध अवधि पूर्ण कर लेने की स्थिति में अग्रतर 02 वर्ष तक उ0प्र0 भू–सम्पदा अपीलीय अधिकरण के मा0 पीठों में वादी/प्रतिवादी की ओर से अधिकृत अधिवक्ता के रूप में वकालतनामा प्रस्तुत कर उ0प्र0 भू–सम्पदा अपीलीय अधिकरण में पैरवी करना निषिद्ध होगा।

13. लॉ–क्लर्क–सह रिसर्च सहायक महिला वर्ग के लिए ड्रेस कोड सफेद या काले रंग का फॉर्मल फुल स्लीव कुर्ता और काला या सफेद पयजामा या काले या सफेद रंग की साड़ी काले या सफेद रंग के ब्लाउज के साथ या सफेद रंग का फुल स्लीव कमीज, काले रंग की टाई, सफेद या काले रंग का पैन्ट और काले रंग का फॉर्मल लेडीज जूता होगा। लॉ–क्लर्क–सह रिसर्च सहायक पुरूष वर्ग के लिए ड्रेस कोड सफेद रंग का फुल स्लीव कमीज, काले रंग की टाई, सफेद या काले रंग का पैन्ट और काले रंग का फॉर्मल जूता होगा।

14. यदि चयनित अभ्यर्थी द्वारा पूर्व में उ0प्र0 भू–सम्पदा अपीलीय अधिकरण व उ0प्र0 भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण में किसी पक्षकार की ओर से वकालतनामा प्रस्तुत किया गया है तो नव–नियुक्त पद पर योगदान के पूर्व वकालतनामा वापस लेना होगा।

15. चयनित अभ्यर्थी को अपने कार्यस्थल वाले शहर में ही निवास करना अनिवार्य होगा तथा उ0प्र0 भू–सम्पदा अपीलीय अधिकरण में व्यवसाय करने वाले व्यक्ति/फर्म/संस्था यथा चार्टड अकांउटेन्ट, कम्पनी सचिव, लागत लेखपाल अथवा विधि व्यवसायी के साथ निवास नहीं करेंगे।

16. चयनित अभ्यर्थी का कार्य एवं आचरण संतोषजनक न पाए जाने की स्थिति में उनके विरूद्ध यथासम्यक कार्यवाही की जायेगी।

17. इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 28.01.2025 से 10.02.2025 की सायं 05 बजे तक उ0प्र0 भू–सम्पदा अपीलीय अधिकरण, लखनऊ की website : http://reat.up.gov.in पर जाकर निर्धारित आवेदन प्रारूप पर reat-appellate@up.gov.in पर मेल के माध्यम से 10.02.2025 की सायं 05 बजे तक करते हुए आवेदन पत्र की मूल कापी तथा स्वहस्ताक्षरित शैक्षणिक अंकपत्र/प्रमाण–पत्र की हार्ड कॉपी उ0प्र0 भू–सम्पदा अपीलीय अधिकरण के कार्यालय में को 12.02.2025 की सायं 05 बजे तक रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रेषित करें। कार्यालय द्वारा भौतिक रूप से कोई आवेदन–पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।

Tahreem Khan 28/1/25

(तहरीम खान)
निबन्धक

# Application Format

1. Application for the -
2. Name of Applicant –
   (Capital Letter)
3. Father/Husband Name –
4. Date of Birth –
5. Address for Correspondence –
6. Permanent Address
7. Contact No. –
8. E-mail Id. –
9. Aadhar No.- (Enclose photocopy)
10. **Education Qualification -**

Photo with Signature

| S.No. | Qualification | Subject | Pass. Year | Total Marks | Obtain Marks | Percentage/ Grad | Enclose Page No. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

11. **Achievements/Experience-**

| S.No. | Organization/Institution | Designation | Experience | | Experience in months |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | From | To | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

Enclose Copies :

Place :

Date :

Candidate Name & Signature

(9)

# Uttar Pradesh Real Estate Appellate Tribunal

4th Floor, Indira Bhawan, Ashok Marg, Lucknow-226001

Adv. No. Date :

**APPLICATION FOR HIRING "LAW CLERK-CUM-RESEARCH ASSISTANT"**

Applications are invited for the position of "Law Clerk-Cum-Research Assistant" in U.P. REAT, Lucknow for a period of one year.

The complete details of the advertisement and eligibility criteria for the post of Law Clerk-Cum-Research Assistant are available on the official website : http://reat.up.gov.in, Last Date : 10-02-2025 (5 PM) for online and 12-02-2025 (5 PM) for offline.

**REGISTRAR**